








# ...जब ठेले पर पहुंचीं विधायक, चखा भुट्टे का स्वाद

## फुटपाथ व्यवसायियों से मिलीं सीधी विधायक रीती पाठक, स्थानीय उत्पादों की खरीददारी कर बढ़ाया उत्साह

नवभारत न्यूज

**सीधी 19 अगस्त। शहर में उस समय लोगों का ध्यान आकर्षित हो गया, जब भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री एवं सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक आम लोगों के बीच पहुंचीं और फुटपाथ पर व्यवसाय करने वाले छोटे दुकानदारों एवं ठेला संचालकों से मुलाकात की। विधायक ने फुटपाथ व्यवसायियों से बातचीत कर उनके व्यवसाय, रोजमर्रा की चुनौतियों और उनकी स्थिति के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने उनके द्वारा बेची जा रही वस्तुओं की खरीददारी भी की और स्थानीय स्तर पर छोटे व्यवसाय को बढ़ावा देने का संदेश दिया।**



विधायक श्रीमती रीती पाठक जब फुटपाथ पर लगे एक भुट्टे के ठेले के पास पहुंचीं तो उन्होंने वहां रुककर भुट्टा खरीदा। इसके बाद उन्होंने स्वयं भुट्टे का स्वाद चखा और भुट्टे की सराहना की। खास बात यह रही कि विधायक ने भुट्टे का भुगतान ऑनलाइन किया। विधायक को अपने ठेले पर भुट्टा खरीदते और खाते देखकर व्यवसायी काफी उत्साहित नजर आया। इस अवसर पर विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि फुटपाथ पर छोटा व्यवसाय करने वाले लोग हमारी अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। ये लोग सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत और ईमानदारी से अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। ऐसे व्यवसायियों को प्रोत्साहन और सहयोग मिलने से उनका मनोबल बढ़ता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में लोकल फॉर वोकल और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र सिंह मुन्नू, जिला उपाध्यक्ष विश्व बंधुधर द्विवेदी, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्थानीय खरीद से मजबूत होगी अर्थव्यवस्था

विधायक ने कहा कि हमारे आसपास तैयार और उपलब्ध होने वाली वस्तुओं को खरीदने से स्थानीय व्यवसायियों को सीधा लाभ मिलता है। इससे छोटे दुकानदारों, ठेला व्यवसायियों और स्थानीय उत्पादकों की आय में वृद्धि होती है तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे बाजार में खरीदारी करते समय स्थानीय छोटे व्यापारियों और फुटपाथ व्यवसायियों को भी प्राथमिकता दें।

### स्थानीय बाजार को बढ़ावा देने का संदेश

विधायक का यह दौरा केवल भुट्टा खरीदने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसके माध्यम से स्थानीय छोटे व्यवसायियों को प्रोत्साहित करने और आम लोगों को स्थानीय स्तर पर खरीदारी के लिए प्रेरित करने का संदेश भी दिया गया। फुटपाथ पर काम करने वाले व्यवसायियों के बीच पहुंचकर उनकी वस्तुओं की खरीददारी करने की पहल को स्थानीय व्यापारियों ने भी सकारात्मक रूप से लिया।

# बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर आए

## बनास नदी के समीपी 25 गांवों में अलर्ट, सावन में इंद्र देव हुए मेहरबान

नवभारत न्यूज

**सीधी 19 अगस्त। जिले में चार दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण नदी-नालों का जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है। नदी-नाले उफान पर आ चुके हैं। पहाड़ी क्षेत्रों की छोटी नदियों का जल स्तर भी काफी तेजी से बढ़ रहा है।**

रामपुर नैकिन तहसील के भंवरसेन क्षेत्र में बनास नदी में बाढ़ की स्थिति बन गई है। प्रशासन ने आसपास के 25 गांवों में अलर्ट जारी कर लोगों को नदी और जल भराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की हिदायत दी है। दरअसल भंवरसेन में बनास नदी आगे चलकर सोन नदी में मिलती है। बनास नदी में पानी की आवक बढ़ने के बाद सोन नदी के जल स्तर में भी वृद्धि हो चुकी है। इसे देखते हुए सोन नदी के आसपास रहने वाले ग्रामीणों को भी सतर्क किया गया है। दो दिनों से भोर से ही बारिश का दौर शुरू हो रहा है। यह माना जा रहा है कि सावन मास



बारिश के लिहाज से काफी फलदायी रहेगा। जिले के रामपुर नैकिन तहसील अंतर्गत बनास नदी के समीपी गांव रतवार, मगरोहर, सुखाड़, परसिली, नौढ़िया सहित लगभग 25 गांवों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं। ग्रामीणों से नदी, नालों और पुल-पुलियों के आसपास अनावश्यक रूप से जाने से बचने की अपील प्रशासन द्वारा की गई है।

क्षेत्र में पिछले पांच दिनों से हो रही लगातार बारिश ही जलस्तर बढ़ने का मुख्य कारण है। बारिश के कारण पहाड़ी और ग्रामीण क्षेत्रों से निकलने वाले छोटे-बड़े नालों में पानी का बहाव तेज हो गया है जो सीधे बनास नदी में मिल रहा है जिससे नदी की धाराओं में लगातार वृद्धि हो रही है। अचानक बढ़े जलस्तर को देखते हुए प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अफवाहों पर ध्यान न देने और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

# लाड़ली बहनों के खातों में रक्षाबंधन शगुन सहित राशि अंतरित

## सीधी जिले की 2 .08 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में पहुंची राशि

नवभारत न्यूज

**सीधी 19 अगस्त। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मैहर जिले में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की पात्र हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि अंतरित की। इस अवसर पर प्रदेश की करीब 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 2,148 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई। इसमें योजना की मासिक सहायता राशि के साथ रक्षाबंधन शगुन की राशि भी शामिल है।**

सीधी जिले में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 2 लाख 08 हजार 369 पात्र महिलाओं के खातों में प्रति महिला 1,500 रुपये मासिक सहायता एवं 250 रुपये अतिरिक्त रक्षाबंधन शगुन, अर्थात कुल 1,750 रुपये प्रति महिला, की दर से राशि अंतरित की गई। इस प्रकार जिले की महिलाओं के खातों में कुल 36 करोड़ 19 लाख से अधिक की राशि पहुंची। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवेश मिश्रा ने बताया कि जिले में योजना के सभी पात्र हितग्राहियों को राशि का अंतरण किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायत कुसमी की 17290, मझौली की 29024, रामपुर नैकिन की 43764, सीधी की 54275 तथा सिहावल की 51285 महिलाओं के खातों में राशि अंतरित की गई। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका सीधी की 6105, नगर परिषद चुरहट की 2404, मझौली की 2089 तथा रामपुर नैकिन की 2133 महिलाओं को भी योजना का लाभ मिला। इस तरह ग्रामीण एवं नगरीय दोनों क्षेत्रों की पात्र महिलाओं के खातों में 1500 रुपये की मासिक सहायता के साथ 250 रुपये का अतिरिक्त रक्षाबंधन शगुन अंतरित किया गया।

# तहसीलदार के निरीक्षण में मेड़रा छात्रावास की खुली अव्यवस्थाओं की पोल, कमरों में पंखे-बल्ब तक नहीं

नवभारत न्यूज

**कुसमी 19 अगस्त। जिले के कुसमी विकासखंड अंतर्गत संचालित कुछ छात्रावासों की व्यवस्थाओं को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। एक तरफ सरकार की ओर से हर वर्ष छात्रावासों के संचालन एवं व्यवस्थाओ के लिए लाखों रूपये का बजट दिया जाता है बावजूद दूसरी ओर आदिवासी वनांचल कुसमी के अंतिम छोर मेड़रा जैसे छात्रावास में नौनिहाल बगैर पंखे व बिजली के रहने को मजबूर हैं।**

ऐसा ही वाक्या सामने आया है कुसमी तहसीलदार के निरीक्षण में। छात्रावास में साफ-सफाई, प्रकाश, पंखे और खेलकूद सामग्री जैसी



मूलभूत सुविधाओं की कमी से आदिवासी छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। 2 दिन पहले कुसमी तहसीलदार नारायण सिंह ने आदिवासी बालक छात्रावास मेडरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास की व्यवस्थाओं में कई कमियां सामने आईं। बाउंड्री के अंदर आसपास घास-फूस एवं साफ-सफाई का अभाव पाया गया।

वहीं छात्रों के कमरों में पर्याप्त बल्ब एवं पंखों की व्यवस्था नहीं मिली। निरीक्षण के दौरान खेलकूद की पर्याप्त सामग्री भी उपलब्ध नहीं पाई गई। छात्रावास परिसर में व्याप्त अव्यवस्थाओं को देखकर तहसीलदार ने निरीक्षण टिप्स में कमियों को दर्ज किया तथा संबंधित जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत मेडरा के ग्रामीण भी मौजूद रहे। ग्रामीणों का कहना है कि छात्रावासों का समय-समय पर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाना आवश्यक है ताकि छात्रों को शासन द्वारा निर्धारित सुविधाएं मिल सकें। छात्रावास में सामने आई कमियों के बाद अब देखना होगा कि संबंधित विभाग इन व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए कितनी गंभीरता से कदम उठाता है।

### इनका कहना है

मुझे जानकारी मिली है कि विगत दिनों कुसमी तहसीलदार द्वारा छात्रावास का निरीक्षण किया गया है। अभी तहसीलदार का प्रतिवेदन नही आया है, जैसे ही तहसीलदार का प्रतिवेदन आता है आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**पी .के .पाण्डेय, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सीधी**

# दबंग ने नाली किया अवरुद्ध, विधवा के घर में भरा बारिश का पानी

▶ सरपंच के नोटिस जारी करने के बाद भी दबंग की बनी मनमानी

नवभारत न्यूज

**कमर्जी 19 अगस्त। चुरहट तहसील अंतर्गत ग्राम पड़रिया कला में कैमोर पहाड़ के किनारे स्थित विधवा के घर में बारिश का पानी कई दिनों से भरा हुआ है। बावजूद इसके दबंग द्वारा नाली को पूरी तरह से अवरूद्ध कर रखा गया है।**

तत्संबंध में पीड़िता सुखमंती कोल पति स्व.जगदीश कोल ग्राम पड़रिया कला ने बताया कि नाली को स्थानीय संतोष पटेल पिता श्यामलाल पटेल द्वारा पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है। यात्री



प्रतिक्षालय में अपना कब्जा जमाते हुये नाली के ऊपर भी घर बना लिया गया है जिससे बारिश का पानी नहीं निकल पा रहा है। उक्त समस्या को लेकर पूर्व में कलेक्टर की जनसुनवाई में दो बार आवेदन दिया गया, लेकिन जांच के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्राम पंचायत पड़रिया कला के सरपंच द्वारा यात्री प्रतिक्षालय को अतिक्रमण मुक्त करने संबंधित व्यक्ति को नोटिस दी गई फिर भी अवैध कब्जा नहीं हट सका। सरपंच द्वारा तहसीलदार चुरहट को भी तत्संबंध में एक वर्ष पूर्व लिखित सूचना दी गई जिस पर तहसील से कोई कार्रवाई करने की बजाय लगातार पेशी दी जा रही है। यदि बारिश के पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं बनी तो विधवा का घर कभी भी गिर सकता है। पीड़िता द्वारा घर के अंदर भरे बारिश के पानी का वीडियो तहसीलदार चुरहट को भी दिखाया गया लेकिन कार्रवाई की बजाय केवल आश्वासन मिला।

# श्री गुरु बजरंग संघ मातृ शक्ति संगठन ने मंदिरों में किया हनुमान चालीसा का पाठ

नवभारत न्यूज

**सीधी 19 अगस्त। श्री गुरु बजरंग संघ अखिल भारतीय मातृ शक्ति संगठन सामूहिक हनुमान चालीसा को ज्यादा से ज्यादा मंदिरों में शनिवार और मंगलवार को करने का निर्णय लिया।**

इसी तारतम्य में धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन का महीना भगवान शिव का सबसे प्रिय महीना माना जाता है। इस दौरान कई मंदिरों में मंदिर प्रभारी का नियुक्ति पत्र जारी किया गया है क्वार्टर गार्ड पुलिस लाइन शिव मंदिर में हनुमान चालीसा प्रभारी श्रीमती छाया सिंह चौहान एवं सह प्रभारी श्रीमती सुनीता पाठक का



सम्मान पुष्प गुच्छ देकर संघ की जिला कोषाध्यक्ष श्रीमती मीनू सिंह चौहान द्वारा किया गया। नगर अध्यक्ष श्रीमती मनीषा द्विवेदी द्वारा गर्ल्स डिग्री कॉलेज हनुमत लाल मंदिर, हनुमान चालीसा प्रभारी श्रीमती मीरा सिंह चौहान, सह प्रभारी राजकुमारी पाण्डेय, हाउसिंग बोर्ड मंदिर प्रभारी सरल तिवारी पंचमुखी शिव मंदिर, आद्य सिंह बघेल सहित कई मंदिरों के प्रभारी का सम्मान किया गया। संगठन की मातृ शक्तियों द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है। सदस्यों की संख्या बहुत ज्यादा है। सभी मातृ शक्तियों अपने घर मोहल्ले के नजदीक मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन कीर्तन करती नजर आ रही है। बहुत बड़ी खुशी की बात है अभी है कि मंदिरों में जन्मोत्सव का भी कार्यक्रम मनाया जा रहा है दिन मंगलवार को सह प्रभारी श्रीमती सुनीता पाठक के पुत्र नितिन पाठक का जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया जहां बधाई गीत एवं सोहर गीत का गायन हुआ।

## एक नजर में

### विद्यार्थियों के इंटर्नशिप के लिए साक्षात्कार

**सीधी।** संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीधी में एईडीपी कार्यक्रम के अंतर्गत बी .कॉम . अंतिम वर्ष के 29 विद्यार्थियों के लिए छह माह की इंटर्नशिप हेतु चयन साक्षात्कार आयोजित किया गया। यह पहल विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने तथा उन्हें रोजगार के लिए तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ . प्रभाकर सिंह के निर्देशन में आयोजित चयन प्रक्रिया का सफल समन्वय एवं संचालन एईडीपी कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ .गुलाम मोहिउद्दीन द्वारा किया गया। साक्षात्कार का उद्देश्य विद्यार्थियों की योग्यता, कौशल, संचार क्षमता एवं कार्यक्षमता का आकलन कर उन्हें वी-मार्ट, भोपाल एवं इंदौर में छह माह की इंटर्नशिप के अवसर से जोड़ना रहा।

### छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के लिए पोर्टल खुला

**सीधी।** सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि अनुसूचित जाति प्रि-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनांतर्गत शैक्षणिक सत्र 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन तथा आवास सहायता के आवेदन के लिए एमपी टास एवं एनआईसी 2 .0 पोर्टल 15 अगस्त से 30 अगस्त 2026 तक खोला गया है। उन्होंने बताया कि नर्सिंग पाठ्यक्रम सहित अन्य सभी पाठ्यक्रमों की फिट पाई गई संस्थाओं में अध्ययनरत ऐसे पात्र विद्यार्थी, जो संबंधित सत्रों की छात्रवृत्ति के लिए अब तक आवेदन नहीं कर सके हैं वे निर्धारित अवधि में आवेदन कर सकते हैं। सहायक आयुक्त ने समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों तथा जिले की सभी शिक्षण संस्थाओं से समन्वय कर पात्र विद्यार्थियों को आवेदन कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित संस्थाएं पात्र विद्यार्थियों को पोर्टल खुलने की जानकारी उपलब्ध कराते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि अंतिम तिथि के बाद कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति अथवा आवास सहायता के लिए आवेदन से वंचित न रहे।

### अभियान के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**सीधी।** मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल द्वारा 12 अगस्त 2026 को जारी पत्र के अनुसार संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जन्मजयंती के अवसर पर प्रदेश में श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान एवं यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य संत रविदास जी के जीवन-दर्शन तथा उनके समता, भक्ति, सेवा, सामाजिक न्याय एवं मानवता के संदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में जिला स्तरीय कार्यक्रम 20 अगस्त 2026 को दोपहर 12 बजे से मानस भवन, सीधी में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में संत रविदास जी के जीवन-दर्शन एवं उनके समरसता, सामाजिक न्याय और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम के सुचारु एवं प्रभावी संचालन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग पी .के .पाण्डेय को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों को शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप अभियान एवं जिला स्तरीय कार्यक्रम से संबंधित सभी आवश्यक कार्यवाहियां समय-सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पुनर्नवा लोक साहित्य मंच सीधी ने किया दो पुस्तकों का विमोचन

नवभारत न्यूज

**सीधी 19 अगस्त। रोली मेमोरियल सीधी में रविवार को भव्य एवं गरिमामय पुस्तक विमोचन समारोह मनाया गया। पुस्तक विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक रहीं जबकि अध्यक्षता संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी के पूर्व प्राचार्य डॉ.हाकिम सिंह हृदयेश ने किया।**

पुनर्नवा साहित्य मंच का प्रतिवेदन भाषण भीमसेन त्रिपाठी भावेश द्वारा भावपूर्ण उद्गार के साथ



किया गया। इसके पश्चात दो पुस्तकों का विमोचन कार्य संपन्न हुआ। सर्वप्रथम डॉ.हरि विलास गुप्त हरि की पुस्तक चिन्हुटिन केरि तपस्या का विमोचन मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों के द्वारा संपन्न हुआ तदोपरांत दूसरी कृति विंध्य वैभव डॉ.कमलापति गौतम कमल के द्वारा रचित काव्य प्रबंध का विमोचन कार्य संपन्न किया गया। दोनों कृतियों के विमोचन के पश्चात उक्त लेखक और रचनाकार ने अपने-अपने कृतियों के विषय में संक्षिप्त जानकारी देते हुए अपनी कृति के कुछ अंशों का वाचन भी किया। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ.हाकिम सिंह ने बहुत ही संवेदनशील विषय को उठाते हुए दोनों कृतिकारों, दोनों कृतियों और पुनर्नवा साहित्य मंच के संदर्भ में गंभीर चिंतन परक शैली में वक्तव्य देते हुए कृतिकारों को शुभकामनाएं दीं और लिखते रहने की प्रेरणा दी। उसके पश्चात मुख्य अतिथि विधायक रीती पाठक ने दोनों कृतियों को उन्होंने असाधारण कृतियां बताया और पुस्तकों को इस क्षेत्र के लिए उपलब्धि माना।

# अब तक 744 .3 मिमी . औसत वर्षा दर्ज

नवभारत न्यूज

**सीधी 19 अगस्त। तहसीलदार, भू-अभिलेख एवं भू-संसाधन प्रबंधन ने बताया कि जिले में 19 अगस्त को 43.7 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई। तहसीलवार वर्षा में गोपद बनास में सर्वाधिक 76 मिमी. वर्षा रिकॉर्ड की गई।**

इसके अलावा सिहावल में 57.4 मिमी., मझौली में 34.0, चुरहट में 20.0, बहरी में 51.8, रामपुर नैकिन में 26.5 तथा कुसमी में 40.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि 1 जून से 19 अगस्त तक जिले में 744.3 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस अवधि में तहसीलवार वर्षा के आंकड़ों के अनुसार सिहावल में सर्वाधिक 1073 मिमी. वर्षा दर्ज की गई। इसके अतिरिक्त मझौली में 678.0 मिमी., कुसमी में 920.3, गोपद बनास में 655.6, बहरी में 654.0, चुरहट में 691.5 तथा रामपुर नैकिन में 537.9 मिमी. औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई। उन्होंने बताया कि गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 988.8 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इसके मुकाबले इस वर्ष अब तक 244.5 मिमी. कम वर्षा हुई है।

# त्योहारों को उत्साह और आपसी भाईचारे के साथ मनाएं व सुरक्षात्मक पहल करें सुनिश्चित : विकास

## त्योहारों पर शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखने के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश, मिलाद-उन-नबी, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी एवं गणेश उत्सव की व्यवस्थाओं की हुई समीक्षा

नवभारत न्यूज

**सीधी 19 अगस्त। आगामी मिलाद-उन-नबी, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी एवं गणेश चतुर्थी पर्वों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर विकास मिश्रा की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित हुई।**

बैठक में पर्वों के दौरान कानून-व्यवस्था, यातायात, साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि त्योहारों को उत्साह और आपसी भाईचारे के साथ मनाते समय सभी आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय पहले से सुनिश्चित किए जाएं। किसी भी स्थिति में कानून-व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिए तथा यातायात का संचालन सुचारु रूप से जारी रहना चाहिए। उन्होंने आयोजन स्थलों,



जुलूस मार्गों एवं भीड़ वाले क्षेत्रों में समय रहते आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मिलाद-उन-नबी पर साफ-सफाई, पेयजल, यातायात एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जुलूस के लिए नियमानुसार विधिवत अनुमति लेना अनिवार्य होगा। निर्धारित मार्ग की जानकारी संबंधित विभागों एवं पुलिस को उपलब्ध कराने के साथ पर्याप्त वालेंटियर्स की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। जन्माष्टमी पर्व के दौरान मंदिरों एवं प्रमुख धार्मिक स्थलों के आसपास विशेष साफ-सफाई, पेय जल, प्रकाश एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि गणेश प्रतिमा स्थापना से पूर्व नियमानुसार अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक पंडाल के आयोजकों को वालेंटियर्स की सूची उपलब्ध करानी होगी तथा रात्रि में पंडाल की निगरानी सुनिश्चित करनी होगी। पंडालों में फायर सेफ्टी एवं इलेक्ट्रिक सेफ्टी के सभी आवश्यक उपाय अपनाए जाएं और खुले विद्युत तारों का प्रयोग न किया जाए। विद्युत विभाग, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी पंडालों का निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। बैठक में एडीएम बीपी पाण्डेय, एसडीएम गोपदबनास प्रिया पाठक, डीएसपी सुजीत कुमार, शांति समिति सदस्य पार्षद आनंद परियानी, राजेन्द्र सिंह भदौरिया, रंजना मिश्रा, रनशेर अली खान, जियारत हुसैन, गोपाल गुप्ता सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

### रक्षाबंधन पर बाजार व बस स्टैण्ड में विशेष व्यवस्था

रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए बाजार क्षेत्रों में साफ-सफाई, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। मिठाई की दुकानों में आवश्यक जांच एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने तथा बस स्टैंड पर यात्रियों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए सुरक्षा एवं यातायात के समुचित प्रबंध करने को कहा गया।

### चिन्हित स्थानों पर ही होगा मूर्ति विसर्जन

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन केवल निर्धारित एवं चिन्हित स्थानों पर ही किया जाए। विसर्जन स्थल पर बेरिकेटिंग, जेसीबी मशीन, गोताखोर, चिकित्सीय दल एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही छाया, पेयजल एवं पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम की व्यवस्था भी रहे। बच्चों को विसर्जन स्थल से दूर रखने तथा प्रतिमाओं का विसर्जन दिन में ही करने के लिए भी कहा गया।